C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 300 | बिजौलिया - शुक्रवार, 08 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## एसएमएस अस्पताल में शुरू होगी ईवनिंग ओपीडी

**मरीजों की भीड़ कम करने के लिए मेडिसिन विभाग से होगी शुरुआत, बढ़ेंगे दवा काउंटर**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में मरीजों को बेहतर और सुगम उपचार उपलब्ध कराने के लिए जल्द ही ईवनिंग ओपीडी शुरू की जाएगी। पहले चरण में इसकी शुरुआत मेडिसिन विभाग से होगी। साथ ही दवा वितरण केंद्रों की संख्या बढ़ाने और जांच के लिए सैंपल कलेक्शन में अतिरिक्त मानव संसाधन लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने गुरुवार को एसएमएस अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि एसएमएस अस्पताल देश के प्रमुख अस्पतालों में शामिल है, जहां रोगीभार अधिक होना स्वाभाविक है, लेकिन मरीजों को इलाज में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को तात्कालिक व्यवस्थाओं के साथ दीर्घकालिक योजना पर भी काम करने के निर्देश दिए।



### शाम 5 से 7 बजे तक चलेगी ओपीडी

निरीक्षण के दौरान राठौड़ ने धन्वंतरि ओपीडी में कार्डियोलॉजी, मेडिसिन और आर्थोपेडिक्स विभाग का दौरा किया। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक रोगीभार वाले विभागों में वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में ईवनिंग ओपीडी शुरू की जाए। पहले चरण में मेडिसिन विभाग में शाम 5 से 7 बजे तक ओपीडी सेवाएं संचालित होंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शाम की ओपीडी में वरिष्ठ चिकित्सकों सहित पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध रहेगा। व्यवस्था सफल होने पर अन्य विभागों में भी इसे लागू किया जाएगा।

### दवा वितरण केंद्र बढ़ाने के निर्देश

प्रमुख शासन सचिव ने दवा वितरण केंद्रों का निरीक्षण करते हुए तत्काल प्रभाव से चार से पांच नए काउंटर खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यक दवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

साथ ही नियमित आपूर्ति से बाहर रहने वाली दवाओं की नियमानुसार खरीद कर मरीजों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके लिए कॉन्फेड जैसी संस्थाओं से समन्वय करने की बात भी कही गई।

### सैंपल कलेक्शन में बढ़ेगा स्टाफ

ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां अतिरिक्त मानव संसाधन लगाने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को लंबा इंतजार न करना पड़े।


### गर्मी को देखते हुए विशेष व्यवस्था के निर्देश

हीटवेव और तेज गर्मी को देखते हुए अस्पताल में कूलिंग व्यवस्था, पेयजल और छायादार स्थानों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर आरएमआरएस फंड का उपयोग कर तात्कालिक व्यवस्थाएं की जाएं, लेकिन मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

### मरीजों से लिया फीडबैक

निरीक्षण के दौरान राठौड़ ने मरीजों और उनके परिजनों से संवाद कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। फीडबैक के आधार पर आवश्यक सुधार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

## अवैध बजरी खनन पर पुलिस की कार्रवाई , ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**(सांवर वैष्णव)** बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुरुवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की। कार्रवाई खारों का खेड़ा के पास चंवरा बालाजी रोड पर की गई। थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश पर अवैध बजरी खनन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस टीम ने अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने में खड़ा कराया तथा प्रकरण दर्ज किया। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र के बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया। कार्रवाई में विजय सिंह, अशोक महिया एवं विनोद गढ़वाल सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## एरोड्राम मंडी में दबंगों का आतंक: मुनीम से मारपीट कर नकदी लूटी, शिकायत पर गोली मारने की धमकी

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** शहर के गुमानपुरा थाना क्षेत्र स्थित एरोड्राम थोक फल-सब्जी मंडी में गुरुवार सुबह दबंगों द्वारा व्यापारी के मुनीम से मारपीट और नकदी लूट की घटना सामने आई है। बदमाशों ने मुनीम के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की तथा पुलिस में शिकायत करने पर गोली मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पूरी वारदात मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना के बाद मंडी व्यापारियों में भय और रोष का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार एरोड्राम मंडी स्थित दुकान नंबर बी-65 कैलाश फ्रूट एंड वेजिटेबल कंपनी पर गुरुवार सुबह करीब 3:20 बजे मुनीम शांतिलाल प्रजापति किसानों को भुगतान कर रहे थे। इसी दौरान साबिर अली उर्फ भूरी के बताए जा रहे 4 से



5 युवक वहां पहुंचे। इनमें कल्लू उर्फ तिलक महावर तथा भय्यू नामक युवकों की पहचान सामने आई है।

पीड़ित मुनीम शांतिलाल प्रजापति ने बताया कि आरोपियों ने आते ही 500 रुपए की मांग करते हुए कहा कि यह राशि साबिर उर्फ भूरी ने मंगवाई है। जब उन्होंने पैसे देने से मना किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और बदमाशों ने मुनीम के साथ मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि मारपीट के दौरान बदमाश करीब 2 हजार रुपए से भरा थैला भी छीनकर ले गए। जाते समय आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने और गोली मारने की धमकी दी। घटना के बाद मंडी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

इधर, घटना के बाद मंडी व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई है। व्यापारियों का कहना है कि मंडी क्षेत्र में पहले भी कई बार हफ्ता वसूली, मारपीट और धमकी जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। देर रात संचालित होने वाली इस मंडी में ठेला चालकों और व्यापारियों से दबंग तत्वों द्वारा अवैध वसूली किए जाने की शिकायतें लगातार मिलती रही हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से बदमाशों के हौसले बुलंद हैं।

मामले को लेकर गुमानपुरा थाना अधिकारी महेश कारवाल ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो चुकी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी मंडी में ही काम करते हैं तथा पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## बीमार पिता को अस्पताल ले जा रहा था युवक, रास्ता जाम मिला तो जलाई बाइक

**आग में बाइक जलकर राख, पास खड़ी स्कूटी को लोगों ने बचाया**



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** शहर के उद्योग नगर थाना क्षेत्र स्थित कंसुआ इलाके में गुरुवार को सड़क जाम और अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर बड़ा हंगामा खड़ा हो गया। जगाओ के मोहल्ले में एक युवक ने गुस्से में आकर अपनी ही बाइक को आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग लगने से युवक की बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई, जबकि पास में खड़ी एक स्कूटी भी आग की चपेट में आने लगी, जिसे स्थानीय लोगों ने समय रहते हटाकर बचा लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक अपने बीमार पिता को अस्पताल ले जाने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान डीपीएस स्कूल के बाहर सड़क पर बड़ी संख्या में वाहन खड़े होने से रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। युवक काफी देर तक अपनी बाइक निकालने की कोशिश करता रहा और लगातार हॉर्न बजाता रहा, लेकिन जाम की स्थिति बनी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक ने स्कूल स्टाफ से वाहन हटाने की बात कही, लेकिन कथित तौर पर उसे जवाब मिला कि स्कूल की छुट्टी होने के बाद ही गाड़ियां हटाई जाएंगी। इससे युवक का गुस्सा बढ़ गया। वह अपने पिता को वापस घर छोड़कर लौटा और कुछ देर बाद मौके पर अपनी बाइक में आग लगा दी। देखते ही देखते बाइक धू-धू कर जलने लगी। घटना के बाद कॉलोनीवासियों ने बाल्टियों और पानी की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि तब तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी। आग की लपटें पास में खड़ी एक स्कूटी तक पहुंच गई थीं, लेकिन लोगों की सतर्कता से बड़ा नुकसान टल गया।

इधर, घटना के बाद क्षेत्र में स्कूल के बाहर पार्किंग व्यवस्था को लेकर लोगों का आक्रोश सामने आया। कॉलोनीवासियों ने आरोप लगाया कि डीपीएस स्कूल के पास पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण स्टाफ और छात्रों के वाहन सड़क पर ही खड़े किए जाते हैं। इससे आए दिन जाम और विवाद की स्थिति बनती है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। एक महिला निवासी ने बताया कि गली काफी संकरी है और स्कूल संचालन के बावजूद यहां वाहनों की उचित व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो पार्किंग गार्ड तैनात किया गया है और न ही ट्रैफिक व्यवस्थित करने की कोई व्यवस्था है। महिला ने यह भी कहा कि जब कॉलोनीवासी विरोध करते हैं तो उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी जाती है। वहीं, स्कूल संचालक आशीष विजय ने कॉलोनीवासियों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि स्कूल के सामने लंबे समय तक स्थानीय लोगों की गाड़ियां भी खड़ी रहती हैं, जिससे समस्या बढ़ती है। उन्होंने कहा कि स्कूल आने वाले बच्चों के वाहनों को लेकर भी कई बार कॉलोनीवासी विवाद करते हैं।

## बजरी भरे डंपर की टक्कर से युवक की मौत, दो घायल

**अगरपुरा गांव के पास हुआ हादसा, गुस्साए परिजनों ने किया प्रदर्शन, प्रशासन की समझाइश के बाद हुआ पोस्टमार्टम**

**भीलवाड़ा फोकस @सवाईपुर।**

**(सांवर वैष्णव)** नेशनल हाईवे-758 पर अगरपुरा गांव के पास बुधवार देर रात बजरी से भरे एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को जब्त कर जांच शुरू की।

सदर थाना दीवान देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि हादसे में पौडरास निवासी किशन सिंह राणावत (25) पुत्र नंद सिंह राणावत की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं करण सिंह राणावत (28) पुत्र शिव सिंह राणावत तथा नरेंद्र सिंह राणावत (18) पुत्र शैतान सिंह राणावत गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है।

मृतक का शव जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया, जहां गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं परिजन मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। सूचना पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाइश के बाद मुआवजा राशि व उचित कार्रवाई को लेकर सहमति बनने पर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस ने बजरी से भरे डंपर को जब्त कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही मृतक किशन सिंह का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक दो भाइयों में छोटा था,




जबकि उसका बड़ा भाई भारतीय सेना में सेवारत है। गुरुवार शाम को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

C M Y K

# श्री रामकृष्ण गौशाला के शुभारंभ पर 10 मई को होगी विशाल भजन संध्या

श्री रामकृष्ण गौशाला के शुभारंभ पर 10 मई को होगी विशाल भजन संध्या



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के निकट ग्राम पंचायत पांसल के पास समोडी चौराहे पर श्री रामकृष्ण गौशाला का भव्य शुभारंभ 10 मई को संत सानिध्य में किया जाएगा। आयोजन में दिगंबर खुशाल भारती सहित कई संत-महात्मा मौजूद रहेंगे।

आयोजन समिति के अनुसार 9 मई को सुबह 9 बजे से श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन होगा। वहीं 10 मई को शाम 5 बजे गौ माता पूजन एवं कन्या भोज आयोजित किया जाएगा। इसके बाद रात 8 बजे से 'एक शाम गौ माता के नाम' विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गोभक्त डॉ. ओम मुंडेल एवं उनकी टीम तथा मुकेश सैनी भीलवाड़ा भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा बाहर से आने वाले भजन गायक भी कार्यक्रम में भाग लेंगे।

आयोजन श्री रामकृष्ण गौशाला सेवा समिति एवं पांसल, समोडी और कोटड़ी ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

# बिजयनगर में ट्रेनों के ठहराव की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजयनगर।**



नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अंकित तातेड़ ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र भेजकर जयपुर-असरवा एक्सप्रेस व हमसफर एक्सप्रेस का बिजयनगर रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि ट्रेनों के ठहराव से व्यापारियों, विद्यार्थियों, मरीजों व आम यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

# विशाल नौ कुण्डीय सप्त दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ, 1111 कलशों की भव्य यात्रा निकली



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

क्षेत्र के शोक्या खेड़ा स्थित प्राचीन श्री सागर के हनुमान मंदिर परिसर में गुरुवार को विशाल नौ कुण्डीय सप्त दिवसीय महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ। धार्मिक आयोजन की नींव रामप्रिय दास जी महाराज के सानिध्य में रखी गई। आयोजन के प्रथम दिन चारभुजा मंदिर से 1111 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्रभर से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

यज्ञाचार्य पंडित राजेन्द्र प्रसाद शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलशों का पूजन किया गया। कलश यात्रा को मुख्य अतिथि लाल धागे सरकार महंत चन्द्रप्रकाश जी महाराज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रेरक पुजारी सत्यनारायण वैष्णव ने धार्मिक ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता को सिर पर धारण कर नगर भ्रमण करवाया। यात्रा में बैण्ड-बाजों, बग्घी एवं आकर्षक धार्मिक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं बैवाण में ठाकुर जी महाराज एवं श्री हनुमानजी की आकर्षक तस्वीरें विराजित की गई थीं, जिनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं, वहीं बच्चे, बुजुर्ग एवं युवा 'जय श्री राम-जय श्री राम' के जयकारों के साथ भक्तिमय माहौल में नाचते-थिरकते नजर आए। यात्रा चारभुजा मंदिर से रवाना होकर गोपालपुरा, चौकी का झोपड़ा होते हुए श्री सागर के हनुमान मंदिर परिसर पहुंची, जहां विधिवत रूप से कलशों की स्थापना करवाई गई। यात्रा मार्ग में गांववासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं स्वागत सत्कार कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। पूरा क्षेत्र जय श्रीराम और हनुमानजी के जयकारों से गुंजायमान रहा।

इसके पश्चात दशविद्यास्नान, हेमाद्रि स्नान, स्नानांग तर्पण, पापघट दान, छाया दान, भगवत पूजन, प्रायश्चित निवास, ब्रह्मकुर्च, दिव्य नंदी श्राद्ध, ब्राह्मण चरण पूजन, सुमंगल कलश, मंडल पूजन, पुण्याहवाचन, कुशकंडिका, अरणि मंथन एवं अग्नि स्थापना सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे पूर्व बुधवार रात्रि से भगवान श्रीराम की लीलाओं पर आधारित सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे।

# भारतीय जनता पार्टी के बनेड़ा मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक सम्पन्न



**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

**परमेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक एक निजी होटल में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में मंडल स्तर पर मासिक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने मंडल कार्यकारिणी एवं कार्यकर्ताओं को संगठन हित में सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण से ही संभव है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा भाजपा की रीति-नीति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही सदस्यता अभियान एवं सामाजिक गतिविधियों में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष गोपाल तेली, मंडल अध्यक्ष अशोक चेचानी, मंडल महामंत्री राजमल माली, मंडल उपाध्यक्ष भेरूलाल लक्षकार सहित सावर गुर्जर, राजू जाट, गोपाल गुर्जर, कैलाश माली, रामेश्वर बैरवा, मंजू गुर्जर, संतोष सोनी, उषा देवी व्यास, माया कुमावत एवं दिनेश डांगी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विष्णु महायज्ञ में भगवान की प्रतिमाओं का सहस्त्रधारा अभिषेक

## नानी बाई का मायरा कथा में नरसी मेहता की भक्ति सुन श्रद्धालु हुए भावुक

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**



**जसवंत पारीक।** कस्बे में चल रहे विष्णु महायज्ञ के तहत लक्ष्मीनाथ मंदिर चौक में आयोजित नानी बाई का मायरा कथा के दूसरे दिन श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। कथा वाचक अनमोल शास्त्री ने नरसी मेहता और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से जुड़ा प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सच्चे भक्त की लाज भगवान स्वयं रखते हैं। कथा में बताया गया कि नानी बाई के ससुराल पक्ष द्वारा मायरे में बड़ी-बड़ी मांगें रखी जाती हैं और दरिद्र नरसी मेहता का उपहास उड़ाया जाता है। बेटी के मायरे की सूचना मिलने पर नरसी मेहता भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण करते हैं। कथा के दौरान नरसी मेहता की दीन-दशा और भगवान की कृपा का भावपूर्ण वर्णन सुन श्रद्धालु भावुक हो उठे। इस दौरान कृष्ण भजन और कीर्तन पर श्रद्धालु झूम उठे। वहीं महायज्ञ में भगवान की प्रतिमाओं का सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया तथा शाम को भगवान के कलश की भव्य बिंदोरी निकाली गई। आयोजन समिति के अनुसार शुक्रवार सुबह लक्ष्मीनाथ मंदिर में शिव परिवार की स्थापना होगी तथा विभिन्न मंदिरों पर कलश चढ़ाए जाएंगे। कार्यक्रम में नाकोड़ा भेरूनाथ उपासक धनराज शर्मा, बाबू गिरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# खारी-मानसी नदी में अवैध बजरी खनन की जांच तेज, एनजीटी के निर्देश पर संयुक्त टीम पहुंची फूलियाकलां

## ग्रामीणों ने जताई नाराजगी, पर्यावरणीय नुकसान और जलधारा प्रभावित होने के लगाए आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



**मूलचन्द पेसवानी।**

फूलियाकलां क्षेत्र की खारी और मानसी नदी में कथित अवैध बजरी खनन के मामले ने तूल पकड़ लिया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देशों के बाद गुरुवार को संयुक्त जांच टीम फूलियाकलां पहुंची और नदी क्षेत्र में खनन गतिविधियों की जांच शुरू की। प्रशासनिक अमले की मौजूदगी से क्षेत्र में हलचल रही और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

जांच टीम में शाहपुरा एडीएम प्रकाशचंद्र रेगर, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी शामिल रहे। टीम ने खारी और मानसी नदी के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर खनन गतिविधियों से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार हबीब मोहम्मद नीलगर द्वारा एनजीटी में याचिका दायर कर आरोप लगाया गया था कि लीज धारक पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी कर बड़े पैमाने पर अवैध बजरी खनन कर रहे हैं। याचिका में नदी के प्राकृतिक स्वरूप से छेड़छाड़ और जलधारा प्रभावित होने जैसी गंभीर बातें भी उठाई गई थीं।

ग्रामीणों ने भी कथित अवैध खनन पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि खारी और मानसी नदी क्षेत्र की जीवनरेखा हैं और अनियंत्रित बजरी दोहन से भविष्य में जल संकट गहरा सकता है।

अब क्षेत्रवासियों की नजर संयुक्त जांच टीम की रिपोर्ट पर टिकी है। आरोप सही पाए जाने पर अवैध बजरी कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# नर्सेज डे पर उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले नर्सेज होंगे सम्मानित

## आरएनए करेगा 101 परिंडे बांधने का अभियान, विधायक गोपाल खंडेलवाल होंगे मुख्य अतिथि

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के अवसर पर 12 मई को जिला स्तरीय भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर में गुरुवार को राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन एवं राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन की संयुक्त बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।

आरएनए जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली ने बताया कि समारोह में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. वर्षा सिंह करेंगी। जिला संयोजक सांवर मल सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में जिलेभर के उन नर्सेज को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य किया है।

राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश लक्षकार ने बताया कि नर्सेज दिवस को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए संगठन की ओर से पक्षियों के लिए 101 परिंडे बांधने का संकल्प लिया गया है।

नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गोपाल तोलंबिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नर्सिंग कर्मियों का मनोबल बढ़ता है। वहीं कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री शंकर लाल पायक ने सभी नर्सेज से कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

बैठक में त्रिलोक मीणा, दीनबंधु चतुर्वेदी, संपति कुमावत, अनिरुद्ध पारीक, पवन सेन, अशोक सेन सहित कई पदाधिकारी एवं नर्सिंग कर्मी मौजूद रहे।

# भाजपा शास्त्री मंडल की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

## कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



भारतीय जनता पार्टी शास्त्री मंडल की संगठनात्मक बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष रमेश चंद्र खोईवाल ने कहा कि संगठन की ताकत उसके कार्यकर्ताओं और मजबूत ढांचे में निहित है।

उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

जिला मंत्री लादू लाल जाट ने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं आईटी संयोजक अजय नौलखा, मंडल महामंत्री हरीश सालवी एवं शंकर लाल जाट ने भी विचार व्यक्त किए।बैठक में मंडल उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिसोदिया, पिंटू राव, राजकुमार घावरी, स्नेहलता पटवारी, निर्मला सोनी, कन्हैया सेन, मंडल मंत्री यशोवर्धन सेन, कमल वेशनानी, शिवानी भरावा, भूपेंद्र कुदाल, शिवप्रकाश चन्नाल और कोषाध्यक्ष विनोद खोईवाल सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# विकसित ग्राम अभियान रथयात्रा, विधायक ने विकास कार्यों की दी सौगात

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



**गजानंद जोशी।** मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान के तहत गुरुवार को विकास रथ यात्रा पडेर ग्राम पंचायत पहुंची, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और विकास रथ का भव्य स्वागत किया। बजरंग वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

इस अवसर पर विधायक गोपीचंद मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जहाजपुर-कोटड़ी विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों और करोड़ों रुपए की सौगातों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पडेर के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने पडेर में 2 करोड़ रुपए की लागत से अटल पथ निर्माण कराने की घोषणा भी की। साथ ही अन्य विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों को आश्वस्त किया। इस दौरान विकास अधिकारी जहाजपुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मांगीलाल जैन, भाजपा नेता ज्ञानचंद कंजर, रामप्रसाद जाट, पूर्व प्रशासक शंकरलाल गुर्जर, कैलाश शर्मा रोपा, सुरेश माली, बाबूलाल भाट, कैलाशचंद तिवारी, ओमप्रकाश माली सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



QUICK BITES

## जिले में पेयजल व्यवस्था का एसीई ने किया निरीक्षण

**गर्मी में जलापूर्ति सुधारने के दिए निर्देश, चंबल परियोजना की सप्लाई व्यवस्था की भी समीक्षा**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अजमेर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता रामचंद्र राड ने जिले में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था और समर कंटीजेंसी कार्यों का सघन निरीक्षण किया।

उन्होंने हुरड़ा क्षेत्र के गठीलों का खेड़ा में पेयजल परिवहन व्यवस्था का निरीक्षण कर अधिकारियों को वितरण व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। इसके अलावा आनंदीपुरा, खारी का लाम्बा, बावड़ी का खेड़ा, दुल्हेपुरा और रघुनाथपुरा सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से चर्चा की तथा जलापूर्ति की समीक्षा की।

दौरे के दौरान आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला से भी पेयजल व्यवस्था पर चर्चा हुई। विधायक ने चंबल परियोजना की जलापूर्ति में आ रही समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए।

इसके बाद राड ने पड़ासोली आसींद में ग्रीष्म संवर्धन के तहत चल रहे इमरजेंसी कार्यों का निरीक्षण किया तथा सहाड़ा में बजट घोषणा के तहत निर्मित उच्च जलाशय का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता मौजूद रहे।

## विकास बने पुलिस मित्र संगठन के जिला अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



पुलिस मित्र संगठन (नई दिल्ली) के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष चौधरी ने विकास सेन को राजस्थान प्रदेश के अंतर्गत भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) के पद पर नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विश्वास जताया है कि सेन भीलवाड़ा जिले में समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को मजबूत करेंगे और पुलिस व जनता के बीच समन्वय स्थापित कर संगठन की छवि को उज्ज्वल बनाएंगे। नियुक्ति पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## भाजपा ने 'ग्राम रथ' अभियान के लिए मांडलगढ़ विधानसभा संयोजकों की घोषणा की

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



उमा शंकर वैष्णव

भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट के अंतर्गत संचालित 'ग्राम रथ' अभियान के सफल संचालन एवं समन्वय के लिए मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के संयोजक एवं सह-संयोजकों की घोषणा की गई है।मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए अनिल पारीक को संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं संजय डांगी एवं उमाशंकर वैष्णव को सह-संयोजक बनाया गया है। इस संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा द्वारा अधिकृत घोषणा जारी की गई। पार्टी पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि नियुक्त पदाधिकारी ग्राम रथ अभियान के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## बड़ला हरि हरात्मक यज्ञ में भैरु नाथ के नाम की 40 हजार आहुतियां लगाई

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे के निकटवर्ती बड़ला गांव में बोर का मंड देवनारायण मंदिर पर पीपल विवाह और काल भैरव की मूर्ति स्थापना को लेकर यज्ञ की शुरुआत बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, दुसरे दिन गुरुवार को पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 40 जोड़ों ने हवन कुंड में आहुतियां लगाई । ग्रामीणों ने बताया कि बडला-पीथास रोड़ पर स्थित बोर का मंड देवनारायण भगवान के यहां पर काल भैरव की मूर्ति स्थापना के साथ ही भगवान देवनारायण का पीपल संग विवाह के पंच दिवसीय पंच कुंडात्मक श्री हरि हरात्मक यज्ञ चल रहा, जिसमें दूसरे दिन गुरुवार को शुभ 8:15 बजे स्थापित देवी देवता की पूजा अर्चना की तथा हवन कुंड में आहुतियां लगे वही भेरुनाथ की मूर्ति का अन्ना धिवास और शर्करा धिवास किया गया । पांच हवन कुंड पर 40 जोड़ों ने भेरुनाथ के नाम की 40 हजार आहुतियां लगाई । पीपल विवाह के लिए कल 9 मई शनिवार को सायं 5 बजे बड़ी हरणी से मंगरी के देवनारायण भगवान के यहां से बारात बड़ला गांव आएगी, जहां रविवार अल सुबह देवनारायण और पीपल का विवाह होगा ।।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# एमटीएम से जोधड़ास चौराहे तक प्रस्तावित 100 फिट सड़क चौड़ीकरण मामला

**पुलिस विभाग की भूमि हस्तांतरण की मांग को लेकर विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर एमटीएम से जोधड़ास चौराहे तक प्रस्तावित 100 फीट सड़क मार्गाधिकार में आ रही पुलिस विभाग की भूमि नगर विकास न्यास को स्थानांतरित करवाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। विधायक कोठारी ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि मास्टर प्लान-2035 के तहत प्रस्तावित यह सड़क शहर के प्रमुख मार्गों में से एक है, जहां प्रतिदिन लगभग 25 से 30 हजार नागरिकों का आवागमन होता है। वर्तमान में रेलवे लाइन दोहरीकरण परियोजना के चलते लगाए गए बैरिकेड्स के कारण सड़क की चौड़ाई मात्र 10 से 15 फीट रह गई है, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है तथा दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में महानिदेशक पुलिस, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम से कई बार व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर भीलवाड़ा पुलिस लाइन की भूमि सड़क चौड़ीकरण हेतु उपलब्ध करवाने का आग्रह किया जा चुका है। साथ ही विधानसभा के बजट सत्र में भी यह मुद्दा उठाया गया था, जिस पर राज्य सरकार ने 19 फरवरी 2026 को एनओसी जारी करने के आदेश दिए थे।



विधायक कोठारी ने कहा कि आदेश जारी होने के बावजूद अब तक महानिदेशक पुलिस द्वारा भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक को भूमि हस्तांतरण संबंधी निर्देश जारी नहीं किए गए हैं, जिसके कारण यूआईटी की महत्वपूर्ण सड़क परियोजना पिछले कई महीनों से लंबित पड़ी हुई है।

विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि आमजन की सुविधा, सुगम यातायात एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग को शीघ्र आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं, ताकि प्रस्तावित 100 फीट सड़क का चौड़ीकरण कार्य जल्द प्रारंभ हो सके।

# रूपपुरा को पंचायत बनाकर भाजपा ने बहाई विकास की गंगा : बैरवा

**रात्रि चौपाल में विधायक ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां, ग्रामीणों की समस्याएं सुन दिए समाधान के निर्देश**





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी।** पंचायत चुनावों की आहट के बीच ग्राम पंचायत रूपपुरा में आयोजित रात्रि चौपाल राजनीतिक रंग में नजर आई। क्षेत्रीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि रूपपुरा को पंचायत बनाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है और अब गांव के विकास को नई गति दी जाएगी। राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के तहत ग्राम रथ के रूपपुरा पहुंचने पर आयोजित चौपाल में विधायक ने ग्रामीणों से संवाद कर पानी, सड़क, बिजली, पेंशन, आवास और खेतों के रास्तों सहित विभिन्न समस्याएं सुनीं। कई मामलों में उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए।

विधायक बैरवा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में ग्रामीणों ने भाजपा को भरपूर समर्थन दिया था और उसी का परिणाम है कि वर्षों पुरानी पंचायत बनाने की मांग पूरी हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।


उन्होंने कांग्रेस पर अप्रत्यक्ष निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व में गांव की अनदेखी हुई, लेकिन अब भजनलाल सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दे रही है। विधायक ने आगामी पंचायत चुनावों में भी भाजपा के पक्ष में माहौल बनने का दावा किया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी सुनील मीणा, तहसीलदार भींवराज परिहार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सड़क पर दिखी डिप्टी सीएम दिया कुमारी की सख्ती

**रायपुर-करेड़ा मार्ग निरीक्षण में घटिया निर्माण पर ठेकेदारों को लगाई फटकार, गुणवत्ता से समझौता नहीं करने की चेतावनी**







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचंद पेसवानी।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी रायपुर दौरे के दौरान एक्शन मोड में नजर आईं। समारोह के बाद उन्होंने राजकीय राजमार्ग-75 पर भिंडर से रामगढ़ (वाया गंगापुर-रायपुर-करेड़ा) तक चल रहे सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी खामियां सामने आने पर उपमुख्यमंत्री ने ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य तय समय-सीमा में और उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा कराया जाए। उन्होंने मौके पर कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि जनता से जुड़े विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोबारा निर्माण कार्य में लापरवाही मिली तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दिया कुमारी ने कहा कि सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधा मिलेगी, जिससे व्यापार, रोजगार और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों में हलचल का माहौल रहा।

वहीं स्थानीय लोगों ने उपमुख्यमंत्री की सख्ती को जनहित में बड़ा कदम बताया।

# जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने ईओ से की मुलाकात

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

शहर की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर गुरुवार को कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल से मुलाकात की । प्रतिनिधिमंडल ने शहर में बिगड़ती सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई नहीं होने तथा सड़कों पर बह रहे गंदे पानी की समस्या को प्रमुखता से उठाया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बोर्ड कार्यकाल समाप्त होने के बाद नगर पालिका द्वारा गौशाला में हरे चारे की व्यवस्था तथा श्मशान में शवदाह हेतु लकड़ियों की सुविधा बंद कर दी गई है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



बैठक के दौरान पूर्व पार्षदों ने अधिशासी अधिकारी से इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की।

श्मशान में लकड़ियां पुनः शुरू करने के विषय में अधिकारी द्वारा प्रारंभ में आनाकानी की गई, लेकिन पूर्व पार्षदों के आग्रह के बाद उन्होंने इस विषय पर पुनर्विचार करने का आश्वासन दिया। वहीं निराश्रित गौवंश को गौशाला में शिफ्ट करने की मांग भी रखी गई।

पूर्व पार्षद बंसीलाल रेगर ने कहा कि श्मशान में लकड़ियां एवं गौशाला में हरे चारे की व्यवस्था पुनः शुरू की जाए, क्योंकि यह धर्म और मानवता से जुड़ा कार्य है।

अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि सात दिवस के भीतर समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान पूर्व पार्षद बंसीलाल रेगर, गोपाल जीनगर, गजेंद्र माली, रामप्रसाद माली, नाथूलाल, राधेश्याम शर्मा, कपिल सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# बाल विवाह रोकथाम व लोक अदालत पर जागरूकता कार्यक्रम

## पीएलवी टीम ने विद्यार्थियों व ग्रामीणों को कानून और सामाजिक दुष्परिणामों की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**मानव तिवाड़ी** । राजस्थान राज्य सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार गुरुवार को क्षेत्र के भीलपुरिया एवं विजय सागर तालाब स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।




कार्यक्रम में पीएलवी रामबाबू माथुर एवं पीएलवी सुनीता नायक ने बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल विवाह रोकथाम कानून तथा लोक अदालत की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने और कानूनी जागरूकता बढ़ाने की अपील की। इस दौरान सोनू, रीना, पूनम, कृष्णा, आकाश, वीर, संजय, भंवरलाल, मनीष, कोमल, खुशियां, मधुबाला, सुमन, अर्जुन, मनभावन सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# भेरूखेड़ा में धर्म और भक्ति की अलख, महोत्सव का षष्ठम दिवस संपन्न

## श्री देवनारायण मंदिर में महायज्ञ, श्रीराम कथा और वैदिक अनुष्ठानों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़





भीलवाड़ा फोकस @ आगुंचा।

पुराना भेरूखेड़ा आगुंचा स्थित मानसी नदी तट पर विराजित श्री देवनारायण मंदिर में चल रहे शिखर कलश प्रतिष्ठा, नवकुंडात्मक श्री नारायण महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव का षष्ठम दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ ले रहे हैं।

महोत्सव श्री श्री 108 महंत लवकुश दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित हो रहा है, जबकि वैदिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य पंडित अमरदीप शास्त्री (अजमेर) द्वारा संपन्न कराए जा रहे हैं। षष्ठम दिवस पर देव हवन, पूजा-अर्चना और यज्ञ नारायण भगवान की महाआरती हुई। वैदिक मंत्रोच्चार और जयघोषों से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा।

महिलाओं ने मंगलगीत गाए और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन समिति के अनुसार महोत्सव 10 मई तक जारी रहेगा ।

# भागवत रसधारा में डूबा विजयपुर, कथा समापन पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## संत दिग्विजय राम बोले आत्मा अजर-अमर है, मृत्यु निश्चित है तो भय कैसा ,गौसेवा के लिए श्रद्धालुओं ने भेंट किए 2.63 लाख रुपए







भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी।** विजयपुर स्थित राव नरेन्द्र सिंह के कृषि फार्म पर मूंदड़ा परिवार की ओर से आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का सप्तम दिवस एवं समापन गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। कथा के अंतिम दिन हजारों श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे और पूरा परिसर 'राधे-राधे' व 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोषों से गूंज उठा।

रामस्नेही सम्प्रदाय के संत दिग्विजय राम महाराज ने श्रीमद्भागवत की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को मोक्ष की ओर ले जाने वाला दिव्य मार्ग है। उन्होंने कहा कि आत्मा अजर-अमर है जबकि शरीर नश्वर है, इसलिए मृत्यु से भयभीत होने के बजाय ईश्वर भक्ति में जीवन लगाना चाहिए।

उन्होंने मानव जीवन के चार बड़े शत्रु काम, क्रोध, अहंकार और तृष्णा को विनाश का कारण बताते हुए कहा कि इन पर नियंत्रण से जीवन की अनेक समस्याएं समाप्त हो सकती हैं। संत ने कहा कि शब्द और समय का उपयोग सोच-समझकर करना चाहिए तथा धर्म का पहला लक्षण धैर्य है।

कथा में भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न प्रसंगों, सुदामा चरित्र, राजसूय यज्ञ, शिशुपाल वध, सुभद्रा हरण और राजा परीक्षित मोक्ष सहित कई प्रसंगों की भावपूर्ण व्याख्या की गई। वहीं भजनों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे।

कार्यक्रम का संचालन पंडित अशोक व्यास ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत, राव नरेन्द्र सिंह विजयपुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

भागवत कथा के समापन अवसर पर नृसिंह गौशाला विजयपुर के लिए श्रद्धालुओं ने 2 लाख 63 हजार रुपए की राशि भेंट की, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की।

# गोरधा ग्राम पंचायत में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सुनी जनसमस्याएं, 13 परिवेदनाओं में से 3 का मौके पर निस्तारण

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

अतिरिक्त जिला कलक्टर चंद्रशेखर भण्डारी ने मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में वी.सी. के माध्यम से आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत गोरधा में आमजन की समस्याएं सुनी।

जनसुनवाई के दौरान कुल 13 परिवेदनाएं प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग की 7, पंचायती राज विभाग की 3, जलदाय विभाग की 2 एवं विद्युत विभाग की 1 परिवेदना शामिल रही। इनमें से 3 परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मौजूद ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को निर्धारित लक्ष्य एवं समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए।



बैठक में बढ़ती गर्मी एवं हीटवेव को देखते हुए विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने, बिजली के तारों की मरम्मत, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने तथा कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए।

इसके बाद अतिरिक्त जिला कलक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्र गोरधा का निरीक्षण किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्होंने कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका, दवाइयों की उपलब्धता, टीकाकरण रिकॉर्ड, हीटवेव रोकथाम उपचार एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए अधिकारियों को ग्राम पंचायत में सरकारी भवन चिन्हित कर स्वास्थ्य केंद्र के लिए अस्थायी कक्ष उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

वहीं आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान भंडार कक्ष, पोषाहार की गुणवत्ता एवं बच्चों के लिए खेल सामग्री की उपलब्धता की जांच की गई। आंगनबाड़ी केंद्र पर नाम पट्टिका नहीं होने पर तुरंत कार्रवाई करते हुए नाम लिखवाने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर सावर विकास अधिकारी संगीता व्यास, तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव, सहायक विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

QUICK BITES

# रायला में 15 लाख के गहनों से भरा बैग लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले के रायला कस्बे में बुजुर्ग महिला से करीब 15 लाख रुपए के जेवरात और नकदी से भरा बैग लूटने के मामले में थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नेहाल बावरी निवासी तालेड़ा, जिला बूंदी के रूप में हुई है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं लूट-चोरी की वारदातों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने थाना प्रभारी मुलचंद वर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया ।

पुलिस ने बताया की रायला निवासी मुकेश कुमार लढ़ा ने 3 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 75 वर्षीय माता प्रेम देवी लढ़ा 2 मई की शाम रोडवेज बस से भीलवाड़ा से रायला पहुंची थीं। उन्हें घर ले जाते समय राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनके हाथ से बैग छीन लिया और फरार हो गए। बाइक पर दो युवक और एक महिला सवार थे।

बैग में करीब 15 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात, 25 हजार रुपए नकद और मोबाइल फोन रखा हुआ था।

मामले में पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। भीलवाड़ा शहर, लाम्बिया कलां टोल नाके और हाईवे के कैमरों की जांच के साथ तकनीकी एवं पारंपरिक पुलिसिंग के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। इसके बाद दबिश देकर आरोपी नेहाल बावरी को गिरफ्तार किया गया।पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# ग्रामीण रथ के जरिए योजनाओं का प्रचार-प्रसार

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।



राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के तहत ग्राम पंचायत में ग्रामीण रथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। रथ पर लगी एलईडी स्क्रीन एवं कला जत्था के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रशासक प्रकाश कंवर, ग्राम विकास अधिकारी रतिराम मीणा, सहायक सचिव भागीरथ मीणा, कृषि पर्यवेक्षक रामेश्वर गुर्जर, जीएसएस अध्यक्ष महावीर सुराणा, शक्ति केंद्र संयोजक मोहन सिंह, गौशाला अध्यक्ष नारायण सनाढ्य सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# सरकारी योजनाओं से बदली किसान गिरधारी सिंह की खेती की तस्वीर

## फव्वारा संयंत्र और तारबंदी से बढ़ी पैदावार, आवारा पशुओं से फसलों को मिली सुरक्षा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



करेड़ा पंचायत समिति के ग्राम बेमाली निवासी प्रगतिशील किसान गिरधारी सिंह चुंडावत ने कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेकर अपनी खेती को नई दिशा दी है। उन्होंने वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग की योजना के तहत खेत में कांटेदार तारबंदी और जल बचत के लिए फव्वारा संयंत्र स्थापित किया।

किसान गिरधारी सिंह ने बताया कि पहले आवारा पशुओं से फसलों को काफी नुकसान होता था, लेकिन तारबंदी होने से फसल सुरक्षित हुई। वहीं फव्वारा संयंत्र लगने से पानी की बचत होने के साथ रबी और खरीफ दोनों फसलों का उत्पादन बेहतर हुआ, जिससे उनकी आय में भी बढ़ोतरी हुई है।

उन्होंने कहा कि कृषि विभाग से मिले अनुदान के कारण यह कार्य करना आसान हुआ। अब वे अन्य किसानों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। किसान गिरधारी सिंह ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्य सरकार और कृषि विभाग का आभार जताते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### राजकीय महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

# बीए प्रथम वर्ष में 15 मई तक होंगे आवेदन, मेरिट सूची के आधार पर मिलेगा प्रवेश

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**रमेश गुर्जर।** नगर स्थित श्री विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष (बीए सेमेस्टर प्रथम) की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक विद्यार्थी 15 मई तक ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

महाविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रमोद भूकर ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न होगी। विद्यार्थियों को आवेदन के समय अंकतालिका, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

कार्यवाहक प्राचार्य आदित्य देव वैष्णव ने बताया कि प्रवेश मेरिट सूची के आधार पर दिया जाएगा तथा चयनित विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा कराना अनिवार्य होगा। प्रवेश संबंधी जानकारी महाविद्यालय के सूचना पट एवं आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के